हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 जनवरी 2024

04 एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने किया सेवानिवृत...



08 नवोदय विद्यालय अरनियाकला में विदाई...





### परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर कराया हवन-अनुष्ठान

# अंग्रेजी वर्ष के अंतिम दिन बगलामुखी माता मंदिर पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

अंग्रेजी 2023 के अंतिम दिन रविवार को विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी के दरबार में श्रद्धा का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। प्रातःकाल से देर रात तक दर्शनार्थ लंबी-लंबी कतारें लगी रही। इस दिन हजारों भक्त माता के दरबार में पहुंचे जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए तथा परिवार की सुख - समृद्धि की कामना को लेकर विशेष हवन अनुष्ठान भी किया गया। अब लोग साल का अंतिम दिन और साल की शुरुआत देव दर्शन से करने लगे है। यही कारण रहा कि अंग्रेजी साल के अंतिम दिन रविवार को माँ बगलामुखी मंदिर पर हजारों भक्तों ने पहुंचकर माता रानी के दरबार में शीश नवाया। रविवार को माँ बगलामुखी मंदिर पर प्रातः काल से ही दर्शनार्थ लंबी - लंबी कतारें लगना प्रारम्भ हो गई थी। जो दिन चढ़ने के साथ ही लंबी होती गई। रविवार को माता मंदिर पहुंचे भक्तों में से कई भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किए गए।

### नववर्ष के लिए मंदिर प्रशासन ने की माकूल व्यवस्थाएं

आज अंग्रेजी नववर्ष 2024 की शुरुआत होगी। नववर्ष पर सिद्धपीठ पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा माकूल व्यवस्थाएं की गई है। सोमवार को प्रातःकाल से ही पार्किंग व्यवस्था ईदगाह के सामने स्थित मैदान में रहेगी। इसके लिए रविवार से ही माँ बगलामुखी चौराहे से मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर चौपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध कर दिया गया है। मंदिर प्रशासन द्वारा भीड़ नियंत्रण हेतू मंदिर के बाहर स्थित डोम में बेरिकेटिंग भी की गई है। रविवार को तीन कतार के लिए बेरिकेटिंग की गई है यदि आज सोमवार को दर्शनार्थियों की संख्या और अधिक रहती है तो तत्काल बेरिकेटिंग बढ़ाने की व्यवस्था भी तैयार रखी गई है। अंग्रेजी नववर्ष के स्वागत के लिए माँ बगलामुखी मंदिर पर पुष्पों से आकर्षक सज्जा की जा रही है। माता रानी के गर्भगृह एवं मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जा रही है।

## एनीमिया के कारण और बचाव के उपाय विषय पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नलखेड़ा।** विकासखंड में एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 18 जनवरी 2024 तक चलने वाले एनीमिया डेफिशियंसी आयरन जागरूकता माह के दौरान मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन मे विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। शनिवार को इसी कड़ी मे विकासखंड के 10 हायर सेकंडरी, हाई स्कूल में एनीमिया के कारण एवं बचाव के उपाय विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में सीएम राइज स्कूल नलखेड़ा, उत्कृष्ठ उच्चतर मावि नलखेड़ा सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न शासकीय स्कूल के अनेक बच्चो ने प्रतियोगिता मे भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंधित ग्राम मे भ्रमण के दौरान सम्मानित किया जाएगा। शासकीय स्कूल मे आयोजित प्रतियोगिता के दौरान समस्त शाला के संस्था प्रभारी शिक्षक, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर, आशा उपस्थित रहे। इस दौरान विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक जितेंद्र जैन, विकासखंड कम्यूनिटी मोबिलाइजर श्रीमती अनुराधा परमार, रोहित शर्मा, सीएचओ डॉ अमीत शर्मा ने सीएम राइज नलखेड़ा, हायर सेकेण्डरी पचलाना में उपस्थित होकर एनीमिया मुक्त भारत के बारे में जानकारी दी।

## कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे बगलामुखी माता के मंदिर

### विधि-विधान व मंत्रोचार के साथ माता के दर्शन कर पूजन किया



**नलखेड़ा।** प्रदेश की मोहन सरकार में नगरीय प्रशासन, विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री बने कैलाश विजयवर्गीय नलखेड़ा में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने माता के गर्भगृह में विधि-विधान व मंत्रोचार के साथ माता के दर्शन कर पूजन किया तथा प्रदेश की समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। मंदिर आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया। माता के दर्शन उपरांत मंत्री श्री विजयवर्गीय मंदिर के समीप स्थित आश्रम पहुंचे जहा उनके द्वारा स्वामी सांदीपेंद्र जी से चर्चा कर गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय शनिवार रात्रि को अचानक आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित पांडव कालीन प्रसिद्ध मां बगलामुखी माता मंदिर पहुंचे। विजयवर्गीय के सिद्ध पीठ पहुंचने पर स्थानीय भाजपा नेताओ, जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शाजापुर व आगर जिले के नेताओं द्वारा भी स्वागत किया गया। नगरपरिषद की ओर से मंत्री विजयवर्गीय का मां बगलामुखी का चित्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। मंदिर पंहुचे मंत्री विजयवर्गीय ने मां बगलामुखी के दर्शन कर विधि - विधान के साथ पूजन किया। इसके बाद मंदिर के समीप स्थित सांदीपेंद्र आश्रम में पहुंचे। जहां पर गुरुदेव स्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज से विशेष चर्चा कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। तथा आश्रम में ही भोजन प्रसादी ग्रहण की। मंत्री विजयवर्गीय यहां पर लगभग 3 घंटे रुके तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

### स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिया व बडिया में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को जनपद पंचायत नलखेड़ा एवं जनपद पंचायत सुसनेर की ग्राम पंचायत सिया एवं बडिया पहुंची। यात्रा के गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शिविर लगाकर शासन की योजना पर आधारित जन-जागरूकता, हितलाभ वितरण एवं आधार अपडेशन, जन कल्याणकारी योजनाओ के लाभ के लिए पंजीयन आदि गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल




लगाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए पंजीयन किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रमों को सम्बोधित कर शासन की योजनाओं की जानकारी देकर पात्रतानुसार लाभ लेने का आव्हान किया। अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना, मृदा हेल्थ कार्ड तथा कृषि विभाग की योजनाओ में हितलाभ का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।



### *विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत अभिनंदन पत्रों का किया वितरण*

*विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के अंतर्गत मूल घटकों के कार्यान्वयन में 99 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण करने पर अभिनंदन पत्रों का वितरण किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शनिवार को जनपद पंचायत आगर की ग्राम पंचायत चॉदनगॉव, सूतड़ा, जनपद पंचायत बड़ौद की ग्राम पंचायत गुड़भेली, भदवासा, जनपद पंचायत सुसनेर की ग्राम पंचायत बड़यिा नलखेड़ा की ग्राम पंचायत सिया में अभिनंदन पत्रों का वितरण किया गया।*

### नीमा ग्राउंड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा

## गुरु के बिना जीवन अंधकार मय : पं. चतुर्वेदी





**नलखेड़ा।** जीवन में गुरु होना आवश्यक है, गुरु के बिना मुक्ति संभव नहीं है। गुरु ही हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। उक्त उद्गार नगर के नीमा ग्राउंड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर कथावाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने उपस्थित भक्तजनों के समक्ष व्यक्त किये।

पंडित श्री चतुर्वेदी ने कहा कि नशा किसी को भी नहीं करना चाहिए, नशा हमें दीमक की तरह खा जाता है। नशा करना है तो परमात्मा के नाम का करे जो जीवन भर साथ निभाता है। उन्होंने कहा कि दान और त्याग हमारी भारतीय संस्कृति है, दान परोपकार के उद्देश्य से किया जाता है, लेकिन त्याग आत्म कल्याण के लिए किया जाता है कथा के दौरान पंडित चतुर्वेदी ने धरती, गंगा एवं गौ माता के संरक्षण पर जोर दिया। भागवत कथा में नगर सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में भक्त जनों ने भाग लिया। कथा विश्राम पर श्रीमद् भागवत की आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।

## कार्यक्रमों को लेकर भाजपा मंडल नलखेड़ा की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की बैठक रेन बसेरा परिसर में आगामी कार्यक्रमों को लेकर संपन्न हुई। रविवार दोपहर को आयोजित बैठक में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया द्वारा मिशन 2024 के तहत पार्टी द्वारा दिए गए आगामी कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए राम जन्मभूमि आंदोलन,कार सेवा एवं आगामी 22 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सहभागिता को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी चैनसिंह सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता द्वारा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शित किया गया। बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष प्रेम बैरागी एवं आभार मंडल कार्यालय मंत्री गोपाल पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया।

### विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

## नगरीय निकायों के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगरीय निकायों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की बैठक बल्डावड़ा हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

शनिवार को आगर जिले की 1 नगर पालिका एवं 6 नगर परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के द्वारा बैठक आयोजित की गई



बैठक में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमितीकरण योजना का लाभ दिया जाना, दिनांक 1 से 5 के मध्य वेतन का भुगतान होना, जिला स्तरीय वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाना जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, नगरीय निकाय के अध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## ‘मेरा गांव मेरी अयोध्या’ अक्षत कलश यात्रा निकाली गई



**नलखेड़ा।** अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नलखेड़ा क्षेत्र के ग्राम-ग्राम में अक्षत कलश यात्राएं निकाली जा रही हैं। रविवार को तहसील के ग्राम गोयल, महेंद्री, गडिया गांव में सामूहिक अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। सभी जगह अक्षत कलश यात्रा का स्वागत कर पूजा अर्चना की गई तथा सभी मंदिर में आरती भी की गई। तीन से चार किलोमीटर लंबी यात्रा गोयल देवनारायण मंदिर से गडिया राम मन्दिर तक पहुंची। अक्षत कलश यात्रा को लेकर सभी ग्राम में ऐसा प्रतीत हुआ मानो मन्दिर यही बन रहा।

### श्रीमद् भागवत कथा : कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग में झूमे भक्त

## देखने का नजरिया सही हो तो दुनिया सही दिखेगी : बाई सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नवीन बस स्टैंड पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए शुरूआत की उन्होने बताया की 7 कोस लंबे चौड़े कालिकाल के देवता गोवर्धननाथ को 7 वर्ष के कन्हैया ने अपने सबसे छोटी अंगुली में 7 दिनरात अपनी अंगुली पर भगवान धारण किए रहे इंद्र देव का अभिमान तोड़ा।

इस लिए जीव को कभी अभिमान नहीं करना चाहिए और कर्म करना चाहिए फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए,जिससे कर्म करोगे तो फल मिलेगा। इसलिए भगवान ने भी कर्म को प्रधान बताते हुए कहा कर्म करना जीव का धर्म है फल देना मेरा काम है। आगे प्रवक्ता सुगना बाईसा ने धर्म ज्ञान की गंगा बहाते हुए कहा कि अगर आपकी नजर सही है तो देखने का नजरिया भी सही होगा और नजर सही है तो उसे दुनिया अच्छी दिखेगी और यदि नजरे ही गलत है तो उसे दुनिया गलत दिखेगी और उसे सब कुछ गलत दिखेगा। यदी आंखें खराब हो जाती है तो उसका उपचार किया जा सकता है लेकिन अगर नजर ही खराब है इसकी विपरीत अगर नजर ही गलत हे तो उसका इलाज डॉक्टर तो क्या चार वेद भी ठीक नहीं कर पाएंगे।



धर्म अपनी आंखों पर ईमानदारी का चश्मा लगाना चाहिए तो उसे दुनिया में सब कुछ अच्छा दिखाई देगा।आगे उन्होंने कहा कि यदि आपके घर कोई आता है या कोइ भीक्षा वृत्ति के लिए आता है तो उसका सम्मान कीजिए उसका अपमान मत करिए क्योंकि भगवान नारायण न जाने किस भेस में आपकी परीक्षा लेने आपके घर आ जाए। आगे कथा वक्ता सुगणा बाई सा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। रुकमणी विवाह प्रसंग में कृष्ण और रूक्मणी का स्वरुप धारण किए बालिकाओं ने भक्तो का मन मोह लिया।कथा को विराम चरण में रुकमणी विवाह उत्सव में पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओ ने झूमते हुए नचाते गाते आनंद लिया।





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर और एसपी ने जिलावासियों को दी नए साल की शुभकामनाएं




**देवास।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने नववर्ष-2024 के अवसर पर जिले के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अधिकारीद्वय ने आशा व्यक्त की है, कि नया साल जिले के सभी नागरिकों के लिए प्रत्येक क्षेत्र में विकास, समृद्धि व खुशियां लेकर आएगा। उन्होंने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, पत्रकार गणों, अधिकारी-कर्मचारियों और सभी नागरिकों को नववर्ष की बधाई देते हुए उनकी सुख व समृद्धि की कामना की है।

### कर्मचारी यूनियन का राष्ट्रीय अधिवेशन 2 को महाराष्ट्र में

**देवास।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चरण सिंह टॉक के नेतृत्व में राष्ट्रीय अधिवेशन महाराष्ट्र जलगांव में 2 जनवरी 2024 को रखा गया है। देवास जिला अध्यक्ष रूपेश कल्याणे ने बताया कि भारत के समस्त प्रांत के अध्यक्ष एवं कर्मचारी महाराष्ट्र के जलगांव में हजारों की संख्या में उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के अध्यक्ष मगनलाल झंझोट के आव्हान पर समूचे मध्य प्रदेश से 3000 से 4000 कर्मचारी अधिवेशन में पहुंचेंगे। अधिवेशन का मूल उद्देश्य समूचे भारत में सफाई कर्मचारियों के अधिकारों के लिए एवं पुरानी पेंशन बहाली के लिए भारत सरकार को अवगत कराया जाएगा एवं मांग की जाएगी की संपूर्ण भारत में सफाई कर्मचारियों की ज्वलंत मांगों को अति शीघ्र पूरा किया जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष राजू पहलवान सांगते, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कल्याणे, संभाग प्रभारी अनिल पहलवान खरे, जिला अध्यक्ष रूपेश कल्याणे, विजय सांगते, पारस कालोसिया, राजेश गोसर, मांगीलाल पथरोड, संजय सांगते, विजय सिंह सांगते, बसंत कल्याणे, महेश लोट, राजकुमार कल्याणे, लक्ष्मण वेद, उमेश सांगते, वीरेंद्र शिंदे, लोकराज गिल्लोरे, विकास सीहोते आदि संगठन के पदाधिकारी ने अधिवेशन में चलने की अपील की है।

### देवबाई सेंधव का निधन श्रद्धांजली अर्पित



**चापडा।** नगर निवासी स्व. माधोसिंह सेंधव की पत्नी एवं गोपाल सिंह सेंधव,स्व. नारायण सिंह उर्फ बंटी पहलवान की माता व एडवोकेट विद्या सेंधव, संदीप , कुलदीप सेंधव की दादी देवबाई सेंधव का निधन हो गया। जिनके निधन पर राजेश दुग्गड, रघुनाथ सिंह चौहान,डां.जी सी जैन, राजकुमार उपाध्याय ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दिगंबरा श्रीपाद वल्लभ दिगंबरा... जय घोष के साथ भक्त पहुंचे बांगर

# भगवान दत्तात्रेय की जयंती पर 48 सालों से श्री क्षेत्र बांगर में किया जा रहा भंडारा

### भगवान दत्तात्रेय की आरती के बाद महा प्रसादी के लिए भंडारे की हुई शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री दत्त जयंती के उपलक्ष्य में पिछले 48 सालों से क्षेत्र बांगर में हो रहे भंडारे में इस वर्ष भी ऐतिहासिक भक्तगण मध्य प्रदेश के बाहर से भी महाप्रसादी ग्रहण करने श्रीदत्त मंदिर बांगर परिसर प्रांगण में पहुंचे। प्रातः 11 बजे भगवान दत्तात्रेय की आरती के बाद महा प्रसादी भंडारे का प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चलता रहा।जिसमें महिला-पुरुष की चार अलग-अलग कतार लगाकर व्यवस्था को बनाया गया।50 हजार से अधिक भक्तगणो ने महाप्रसादी भंडारे का आनंद लिया।मंदिर व्यवस्थापक और पुजारी श्री दत्त प्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि भंडारे की तैयारी दो दिन पूर्व से ही प्रारंभ हो चुकी थी।जिसमें देवास,इंदौर,उज्जैन तथा अन्य गांव के 500 से अधिक दत्त सेवा मंडल के सेवकों ने व्यवस्था संभाल रखी थी।कार्यकर्ता ने अपनी-अपनी पूर्व के भंडारे के अनुरूप जिम्मेदारियां का निर्वाह किया। लोगों ने बड़ी उत्साह पूर्वक महाप्रसाद ग्रहण कर श्रीदत्त भगवान का आशीष प्राप्त किया। इस एक दिवसीय भंडारे में अनुशासन को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामवासियों एवं दत्त भगवान के भक्तों के सहयोग से संपन्न होता है। 3.5 बीघा में टेंट को लगाया गया था। वाहनों की पार्किंग से लेकर बुजुर्ग तक प्रसाद पहुंचे इसकी विशेष व्यवस्था कार्यकर्ताओं ने की,किसी को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा गया।पार्किंग और आवागमन के लिए सभी व्यवस्था सुचारुरूप से संपन्न की गई।इसके लिए 6 बीघा खेत में पार्किंग व्यवस्था की गई थी।प्रशासन का भी इस अवसर पर सहयोग प्राप्त हुआ।भंडारे का प्रसाद बनाने का कार्य 48 घंटे पूर्व से ही शुरू हो चुका था। मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीपाद अवधूत स्वामी जी भी इस अवसर पर पूरे समय उपस्थित रहे एवं भक्तों ने उनसे आशीष लिये। सभी श्रद्धालु कतार में लगकर भगवान दत्तात्रेय की जय बोलकर दिगंबरा दिगंबरा के जयघोष के साथ दर्शन कर प्रसादी को ग्रहण कर रहे थे।देवास,इंदौर,उज्जैन के साथ ही अन्य नगरों से भी भक्त पधारे थे। इस अवसर पर पधारे सभी भक्तजनों से आने वाली 22 जवनरी 2024 को अपने घरों में दीपत्सव एवं अन्य तरह से घरों-बस्तीयों को सजाकर भव्यता से अयोध्या में होने जा रहे भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का स्वागत करें। आग्रह किया।



# अपहरण कर फिरौती मांगने वालों का पर्दाफाश

### अपहरण कर मांग रहे थे 40 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र अन्तर्गत शुक्रवार को सूचनाकर्ता ललित पिताजयनारायण पंजाबी सोनी उम्र 48 साल निवासी 152 गगा नगर देवास ने अपने पूत्र भावेश उर्फ शिब्बू पिता ललित सोनीउम्र 24 साल निवासी 152 गंगानगर देवास के गायब हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजनों द्वारा शंका व्यक्त किये जाने पर पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीरसिंह भदौरिया द्वारा तथा नगर पुलिस अधीक्षक देवास दीशेष अग्रवाल द्वारा भावेश सोनी के गायब होने की घटना को अत्यन्त गंभीरता से लिया गया। चार पुलिस टीमों का गठन कर पहली टीम को सीसीटीव्ही कैमरे चेक करने हेतु, दूसरी टीम को टेक्नीकल इन्वेस्टीगेशन हेतु, तीसरी टीम को धरपकड़ हेतु और चौथी टीम को आसूचना सकलन तथा पूछताछ हेतु कार्य सौंपा गया था।

टीमों के द्वारा शुरूआती जाँच के दौरान तथा दोस्तों से की गई पुछताछ और तकनीकी अनुसंधान से यह स्पष्ट हो गया कि भावेश का अपहरण फिरोती के लिये अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा कर लिया गया है। प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के दौरान भावेश सोनी के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन्वेस्टीगेशन और आपरेशन को बहुत ही गोपनीय एवं व्यावसायिक तरीके से करना आवश्यक था। सभी टीमों को थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र के नेतृत्व और नगर पुलिस अधीक्षक देवास के निर्देशन पर तत्परता एवं सावधानी से कार्य करने हिदायत दी गई थी ताकि भावेश को कोई कति न पहुंचे।

साथ ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्त में लेने की चुनौतीको भी मद्देनजर रखा गया। पुलिस द्वारा लगातार कैमरे चैक कर तलाश शुरू की गई जाँच के दौरान ज्ञात हुआ कि भावेश अपने दोस्त की मोटर साईकल से लिफ्ट लेकर मक्सी बायपास चौराहा पर पहुँचा फिर वहाँ से किसी के साथ चला गया अगले दिन भावेश को फोन लगाने वाले बंटी उर्फ राकेश चौहान नामक दोस्त द्वारा अपहत भावेश सोनी के पिता ललित सोनी तथा पूछताछ पर पुलिस को यह जानकारी दी थी कि बंटी उर्फ राकेश चौहान ने भावेश के नम्बर पर फोन किया था जिसपर एक महिला बात कर रही थी और 40 लाख रूपये की फिरौती मांगी है।

चारों पुलिस टीमों के सामूहिक प्रयासों के बाद कुछ फोन नम्बर टारगेट किये गये जिनके तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुष्टि होने पर जिला रतलाम व जिला मन्दसौर के लिये दबिश हेतु पुलिस टीमें रवाना की गई थी। सावधानी और तत्परता पूर्वक की गई कार्यवाही के कारण अलसुबह अलग-अलग दो ठिकानों पर ग्राम बरखेडा कला जिला रतलाम तथा ग्राम सूरी जिला मन्दसौर में मय शरख के दबिश दी गई जो आरोपी गण हेमराज उर्फ अजय शर्मा, सपना पति हेमराज उर्फ अजय शर्मा तथा गुड्डी बाई पति दशरथ सोलंकी तथा गोविन्द को हिरासत में लिया गया तथा ग्राम सूरी में बाध कर रखे गये अपहत भावेश सोनी को इनके कब्जे से मुक्त कराया जाकर बचाया गया है।

पुलिस की तत्परता व मेहनत के कारण एक बड़ी अनहोनी होने से बच गई।विवेचना के दौरान पूछताछ ज्ञात हुआ कि भावेश सोनी अपनी गलत संगतों को लेकर कर्ज में आ चुका था जिसे एसे कार्य की तलाश थी जिसमें ज्यादा रूपये कम समय में कमा सके। भावेश सोनी के घर पर पूर्व में हेमराज उर्फ अजय शर्मा निवासी बरखेडा कला जिला रतलाम का किराये से निवास करता था जो अपने साथ सपना उर्फ सीमा नाम की एक महिला को लेकर भावेश के यहाँ उसे अपनी पत्नि बताकर किराये रह रहा था इसी दौरान भावेश की हेमराज उर्फ अजय शर्मा से जान पहचान हो गई जिसे उसके कट्टे बेचन खरीदने की जानकारी थी। इसी बात को जानते हुए भावेश में हेमराज से बात की थी और देवास में देशी कट्टे लेकर बेचने का प्लान बनाया था जो हेमराज ने उसे मक्सी बायपास चौराहा पर बुलाया था।

# एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने किया सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




वर्ष 2023 मे खातेगांव उपसंभाग मे विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की सेवानिवृत्त के अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी प्रवीण प्रजापति द्वारा समस्त कर्मचारियों को शाल-श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।वरिष्ठ नागरिक सेवा जन कल्याण संस्था अध्यक्ष जे.पी.एस.तोमर की अध्यक्षता में ए.यू.बेंक खातेगांव द्वारा प्रायोजित सम्मान समारोह में एक प्राध्यापक,दो कृषि अधिकारी, सहायक यंत्री (पी.एच.ई.), कम्पाउण्डर, विधुतकर्मी, 26शिक्षक एवं चतुर्थ श्रेणी सहित कुल 33 कर्मचारीयो को सम्मानित किया गया। एस.डी.एम. प्रजापति द्वारा वरिष्ठ नागरिक संस्था के कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए एक.यू.बेंक को भी धन्यवाद दिया गया । प्रारंभ मे बेंक प्रबंधक दिनेश जुंजारे द्वारा सभी अतिथीयो का स्वागत किया गया। वरिष्ठ नागरिक संस्था उपाध्यक्ष प्रदीप काला ने बुजुर्ग का सम्मान करने की अपील करते हुए संस्था की कार्यविधि की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव सतीश मित्तल ने किया।

### पुंजापुरा में अक्षत कलश यात्रा का आयोजन



**चापडा।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते रविवार के दिन ग्राम पुंजापुरा में भव्य अक्षत कलश यात्रा का आयोजन हुआ। यात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व महिलाएं सम्मिलित हुई। महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। यात्रा का जगह जगह पर स्वागत किया गया। यात्रा में जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी व ग्रामीण सम्मिलित हुए।

### आज होगा बागली नगर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन

**बागली।** अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे भारतवर्ष में तैयारी की जा रही है। इसी के चलते सब जगह पर कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसी के चलते सोमवार के दिन बागली नगर में भी भव्य कलश यात्रा निकलेगी जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र से ग्रामीण सम्मिलित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बागली के थाना चौराहे से कलश यात्रा प्रारंभ होगी, सोमवार की सुबह 11 बजे यह यात्रा प्रारंभ होगी, जो कि बागली नगर भ्रमण करेगी, इस दौरान इस अभियान से जुड़े सभी सदस्य गण व पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे।

# बचपन को प्रबुद्ध, यौवन को शुद्ध और बुढ़ापे को सिद्ध करोः आचार्य देवराज शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

न्यू गणेशपुरी, बालगढ़ में जन सहयोग से चल रही श्रीराम कथा का हवन पूजन और पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया। शर्मा ने रावण वध और अयोध्या वापसी का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि लंका में भगवान राम ने रावण पर विजय प्राप्त की और अपने अयोध्या राज्य में वापस आए तब पूरी अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से उन्नति होती है। उनकी हमेशा सेवा करनी चाहिए। समिति के सरोज बजरंग लाल बैरवा एवं ललित बंशीवाल ने बताया कि राम कथा की पूर्णाहूति पश्चात सीता राम रसोई (भण्डारा) आयोजित किया यगा। जिसमें करीबन 6 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। अंतिम दिवस कथा हजारों की संख्या में कथा श्रवण करने के लिए भक्त पहुंचे। पूरा पाण्डाल खचाखच भरा गया। भजनों पर भक्तों ने जमकर नृत्य करते हुए जय श्री राम के उद्घोष लगाए। आचार्य शर्मा ने कहा कि श्री राम कथा कहती है कि बचपन को प्रबुद्ध करो, यौवन को शुद्ध करो और बुढ़ापे को सिद्ध करो। बड़ों का सम्मान करो, हम विकसित भारत बना सकें, विश्व का कल्याण हो ऐसे भाव के साथ कथा के विश्राम सत्र में प्रभु श्रीराम सुग्रीव से मित्रता कर रावण के मित्र बाली का वध किया।

# लोक गायक अस्ताया को संत रविदास समता अवार्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



ग्राम सोनकच्छ तहसील के छोटे से गांव भूतिया के संतोष अस्ताया कबीर निर्गुणी भजन के प्रसिद्ध गायक मालवा में अपनी अलग पहचान रखते है।

वे कई बार आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर अपनी प्रस्तुति दे चुके है। उनकी यह पहचान कबीर व रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते आ रहे है। उनकी प्रसिद्धी ग्रामीण अंचल तक फैली हुई है। आज वे राष्ट्रीय एवं संत महापुरूषों के गीतों को अपनी निर्गुणी शैली से ओतप्रोत करते आ रहे है। विगत दिनों मुंबई में समता साहित्य एकेडमी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में अस्ताया को संत रविदास समता आवार्ड से नवाजा गया। अस्ताया की इस उपलब्धि पर चित्रकार रतन बागडिय़ा, शिक्षक रेवाराम बागडिय़ा, मनोहर पडिय़ार, परमानंद प्रजापति, अम्बाराम सिसोदिया, अनिल सारवाल, सरदारसिंह पुन्नड़, मंदरूप सिंह गौड़ सहित इष्टमित्रों ने बधाई दी।

## महेश्वरी भवन श्री राम मंदिर भेरूगढ़ में आयोजित की जा रही सात दिवसीय राम कथा

# चरित्रहीन मानव को अपने भी साथ नहीं देते हैंः पुष्पानंद महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चरित्रहीन मानव को अपने ही साथ नहीं देते हैं बनना है तो चरित्रवान बने धनवान तो इस संसार में बहुत बने बैठे हैं। चरित्रवान की होती है विजय। राम रावण युद् संसार के संग्राम में एक और रावण था। एक और राम शक्ति में ज्ञान में बाल में कुटुंब में परिवार में संसाधन में सब में रावण बड़ा था।

भगवान राम के पास में रावण से लड़ने के लिए ना तो उतने संसाधन थे ना उतनी सेना थी। लेकिन फिर भी राम रावण पर विजय प्राप्त कर गए। यह कथा हमें संदेश देती है कि रावण चरित्रहीन था इसलिए हर गया और रामचरित्रवन थे इसलिए जीत गए। जीवन में अगर स्वास्थ्य से संबंधित समस्या आती है तो वह डॉक्टर के माध्यम से ठीक हुआ जा सकता है। अर्थ से संबंधित समस्या आती है तो परिवार और समाज के सहयोग से खड़ा मनुष्य हो सकता है। यदि उसका चरित्र चला जाता है तो उसके अपने भी उसके साथ नहीं खड़े होते। इसके साथ ही राम राज्य की स्थापना के लिए साथ में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए सबसे निवेदन किया। कि हर घर मे दीपोउत्सव कर दीपावली जैसा उत्सव मना कर भगवान श्री राम के जन्मोत्स वी को मनाएं। रंगोलिया बनाकर के भगवान राम के स्वागत के लिए हर घर के बाहर दीपक लगाकर के दीपावली जैसा उत्सव मनाया जाए। जहां राम का राज्य होता है वहां दैहिक और भौतिकता कभी जीव को नहीं सताती। वंही एकता का मतलब है। शरीर भौतिकता का मतलब है संसाधनों से होने वाली दुर्घटना।

दैहिक का मतलब है ग्रहों से होने वाली पीड़ा। जब भगवान राम राजा बनते हैं। तब ना शरीर कष्ट देता है। ना दुर्घटनाएं। संसार में हो या पारिवारिक जीवन में होती है और ना ही कोई ग्रह प्रतिकूल होकर के किसी जीव को कष्ट देता है। यह प्रसंग के साथ में कथा का मंगलमय विश्राम किया गया। सभी समाज जनों एवं भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। धूमधाम से सभी भक्तजनों ने भगवान श्री राम के पावन ग्रंथ रामचरितमानस को विदा किया। हवन पूजन के साथ संपूर्ण देश में विश्व शांति की कामना की गई। विश्व में हो रहे युद्ध के विराम के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। विश्व का कल्याण भावना से यज्ञ किया गया। यह विचार महेश्वरी भवन श्री राम मंदिर भेरूगढ़ में आयोजित की गई सात दिवसीय राम कथा के विश्राम अवसर पर कथावाचक पुष्पानंद महाराज कांटा फोड़ वाले ने प्रकट किए। इस दौरान पुष्पानंद महाराज ने भक्तिमय गीतों की संगीतमय प्रस्तुति से कथा पंडाल को धर्ममय बना दिया। आयोजक मंडल के मधु महेश चंद्र झंवर एवं अतिथियों ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सैकड़ो धर्म प्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

# मातमौर हाई स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

शासकीय हाई स्कूल मातमौर में शनिवार कोशिक्षिका प्रमिला भवर के नेतृत्व में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के पूर्व प्रभारी प्राचार्य जोलफोलहेम (जेपी ) कुजूर का शासकीय हाई स्कूल अमोना देवास में स्थानांतरण होने पर उन्हें विद्यालय द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मातमौर सरपंच हीरालाल जाट, विशेष अतिथि के रूप में जेपी कुजूर, कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल एवं हाईस्कूल प्राचार्य राजेंद्र सिंह तोमर ने की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा नवी एवं दसवीं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

सम्मान समारोह पर प्रियंका तिवारी ,प्रभारी प्राचार्य माध्यमिक विद्यालय एवं शिक्षकगण शशि शर्मा, जगदीश मालवीय, दीपचंद ठाकुर, जुगल किशोर शर्मा, मोहम्मद साबिर मंसूरी , दीपक कुमार योगी, राजेन्द्र बैरागी, रीना जाट,रामजी बा, वैभव दुबे, पुष्पा बैरागी एवं रवि पाटीदार उपस्थित रहे। जेपी कुजूर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं उन्हें आगामी परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रमिला भवर ने किया। आभार शिक्षक राकेश कुमार उपाध्याय ने व्यक्त किया।


## खबर संक्षेप

### एयरफोर्स में एयरमेन के पद पर नितिन का चयन



**आष्टा।** कानराखेड़ी में किसान पुत्र डॉ हरी सिंह मेवाड़ा के सुपुत्र नितिन मेवाडा का इंडियन एयरफोर्स में एयर मेन के पद पर चयन होने पर ग्रामीण जनो ने पुष्प मालाओं से स्वागत कर डोल डीजे के साथ कर्नाटक बेलगांव के लिए सभी परिवारजन व ग्रामीणजनों ने ट्रेनिंग के लिए रवाना किया। दिग्विजय राजपूत ने बताया कि पहले से ही हमारे गांव के 5 युवा भारतीय सेना में है अब लगातार जो एक देश प्रेम के लिए हमारे गांव के युवाओं को लगन लगी है वह सराहनीय है में उन सभी युवाओ को बधाई देता हूं एक सप्ताह में दो सगे भाइयों के दोनों बेटे एयरफोर्स में गए हमारे ग्राम कानरा खेडी का नाम रोशन किया। इसी मौके पर स्वागत करने वालों में पूर्व सरपंच दिग्विजय सिंह राजपूत, अजब पटेल, दिलीप पटेल, जगदीश द्रविड़, रामचरण दावरिया, बंसी बांबे, कृपाल मेवाडा, संतोष मेवाडा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गजराज मेवाड़ा, दिनेश मेवाडा, सुजान मेवाड़ा, शांतिलाल मेवाडा, मनोहर, धीरप मेवाड़ा, चांद सिंह, महेश मेवाड़ा, विनोद मेवाड़ा, तेज सिंह, बनेसिंह, अनिल, हरी टेलर मेवाड़ा, कृपाल मालवीय आदि लोग उपस्थित हुए।

### नववर्ष पर होगा प्रभुप्रेमी संघ का मासिक सत्संग



**आष्टा।** नगर के प्रभुप्रेमी संघ का मासिक सत्संग सोमवार को नव वर्ष की स्वागत बेला में वरिष्ठ समाज सेवी कोक सिंह पटवारी के अलीपुर स्थित आवास पर आयोजित किया गया है। श्रृंखला को निरन्तर रखने में प्रसिद्ध भजन गायक राम श्रीवादी और उनकी संगीत मंडली के साथ ही इसके संयोजन संचालन में सभी भक्तों की महति भूमिका रही है। प्रभुप्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल तथा महासचिव प्रदीप प्रगति के अनुसार हरिद्वार स्थित विश्व विख्यात भारत माता मंदिर के प्रमुख तथा सनातन धर्म के ज्येष्ठ आचार्य स्वामी अवधेशानन्द का अनुग्रह और वात्सल्य मिलना हम आष्टा वासियों के लिये सौभाग्य का विषय है। इस बार के मासिक सत्संग के आयोजक कोकसिंह पटवारी तथा जितेंद्र ठाकुर ने सभी नगरवासियों से सोमवार 1 जनवरी को सांय 7 से 9 बजे तक अलीपुर में होने जा रहे सत्संग में शामिल होने का आग्रह किया हैं।

### ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में सत्र 2024-25 में छात्राओं के प्रवेश के लिए महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव, वोकेशनल कोर्स एवं प्रोजेक्ट के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। छात्राओं को केरियर मार्गदर्शन योजना, विभिन्न खेलकूद गतिविधियों, एनएसएस एवं युवा उत्सव के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### समाजसेवी वीरेंद्र राठौर का नगर में जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत

# पदयात्राः 1751 किलोमीटर पैदल चलकर माता वैष्णों देवी धाम तक करेंगे यात्रा

समाजसेवी वीरेंद्र माता वैष्णो के दर्शन कर देश, प्रदेश और शहर की सुख शांति की करेंगे प्रार्थना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सामाजिक कार्यों में सक्रियता से भूमिका निभाने वाले समाजसेवी वीरेंद्र राठौर पैदल मां वैष्णो देवी के दर्शन करने निकल पड़े। इस दौरान समाजसेवी वीरेंद्र राठौर मां वैष्णो देवी की पैदल यात्रा शुरु करने से पहले अपने माता-पिता का सपत्नी आर्शीवाद लिया। इसके बाद पैदल नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अपनी यात्रा को शूरू किया और फिर प्राचीन शिव मंदिर पहुंच कर भोले शंकर की पूजा अर्चना कर आगे लिए निकल पड़े। इस दौरान वीरेंद्र राठौर का नगर के प्रमूख मार्गो पर जगह जगह पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। समाजसेवी विरेंद्र राठौर ने जानकारी देते हुए बताया की मां वैष्णो देवी संकल्प यात्रा में माता वैष्णो देवी के पास यह संकल्प लेकर जा रहा हूं मेरे देश मेरे प्रदेश मेरे शहरवासियों को किसी भी प्रकार के कोई तकलीफ कोई परेशानी ना हो और सबको व्यापार व्यवसाय में खुब तरक्की प्राप्त हो। और सभी को धन-धान्य सुख समृद्धि धन वैभव ऐश्वर्य प्राप्त होवहीं विरेंद्र राठौर ने आगे बताया की उज्जैन में 21 बीघा का जमीन खरीदी है।

जिसमे जल्द तीर्थ का निर्माण होगा। और श्री दुर्गादास जी राठौर तीर्थ सहित छात्रावास निर्माण आष्टा में हो 11 करोड़ 51 लाख रुपए का निर्माण का संकल्प मैंने लिया उसके लिए अच्छी जगह जमीन मिल जाए । इन सभी संकल्पों को लेकर में माताजी के चरणों में मां वैष्णो देवी की पैदल यात्रा पर जा रहा हूं । 1751 किलोमीटर की पैदल यात्रा, कई बार कर चुके है वैष्णो देवी के दर्शनमां वैष्णो देवी के पैदल यात्रा पर निकले समाजसेवी वीरेंद्र राठौर मां वैष्णो देवी के परम भक्त है और अनगिनत बार मां वैष्णो देवी के दर्शन कर चुके है लेकीन इस बार करीब 1751 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर मां वैष्णो देवी के दर्शन करेंगे।वहीं विरेंद्र राठौर की पैदल यात्रा जहां जहां पहुंच रही है लोग वहा वहा पुष्प माला से स्वागत सम्मान कर रहे है।इस दौरान आष्टा में गुरुचरण परमार, राय सिंह मेवाड़ा, सुनील सेठी, मनोज सेठी सिद्धांत सेठी सहित सेकडो लोगो ने स्वागत सम्मान किया।







### कथा स्थल का किया नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने निरीक्षण



**आष्टा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मालवा माटी के सुप्रसिद्ध संत गोविन्द जाने के मुखारविंद से आयोजित होने वाली श्रीमदभागवत कथा स्थल का निरीक्षण नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अपने साथी पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, डॉ मनोज नागर, बंटी मेवाड़ा, कुशलपाल लाला, जितेन्द्र मालवीय, वैभव मेवाड़ा आदि की उपस्थिति मे किया. निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए श्री मेवाड़ा ने कथा समिति सदस्यो को आश्वसत करते हुए कहा कि सात दिवसीय श्रीमद लभागवत कथा के दौरान नगरपालिका सम्बन्धी किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर नगरपालिका पूरी टीम के साथ तैयार है।

# अपहरण के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पुलिस अधीक्षक सीहोर मंयक अवस्थी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग, आकाश अमलकर एस.डी.ओ.पी. के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पार्वती उनि. कृष्ण गोपाल शुक्ला को अपहरण के प्रकरण में तत्काल अपहर्ता का पता लगाने व आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये थे। दिशा निर्देश के पालन में थाना पार्वती पुलिस द्वारा अपहर्ता का पता दस्तयाबी व आरोपी की गिरफ्तारी में सफलता प्राप्त की है।

20 दिसंबर को फरियादी हबीब खाँ निवासी पीलीखदान अलीपुर द्वारा थाना पर रिपोर्ट किया था कि उसकी नाबालिग बच्ची को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना पार्वती में अपराध क्र 495/23 धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस ने उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरन आरोपी व अपहर्ता की पता तलाश हेतु टीम गठीत की गई तथा आरोपी की पता तलाश हेतु मुखबीर मामुर किये किए। तकनिकी अनुसंधान व मुखबीर की सूचना के आधार पर अपहर्ता व संदेही आरोपी की पतारशी हेतु लगातार प्रयासो के आधार पर पता चला की सुल्तानपुर जोड पर अपहर्ता व संदेही साथ में जा रहा है, सूचना पर तत्काल टीम को अपहर्ता व आरोपी की तलाश हेतु रवाना किया। अपहर्ता व आरोपी सुल्तानपुर जोड पर जाते हुए मिलने पर पुलिस टीम द्वारा अपहर्ता को आरोपी के कब्जे से दस्तयाब कर आरोपी तथा प्रकरण के सह आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया अपहर्ता को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया है। तथा प्रकरण अन्य सह आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी पार्वती उनिकृष्ण गोपाल शुक्ला, सउनि अशोक श्रीवास्तव , प्रआर 50 जगदीश , आर 179 रामबाबु , आर. 433 सोमपाल वर्मा, आर 826 सचिन, मआर.756 रंजना सायबर सेल सीहोर से योगेश भावसार, सुशील शाल्वे, विकास चोरासिया एवं थाना पार्वती पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।

# अतिक्रमण करने वाले साठ दुकानदारों से वसूला जुर्माना

## अतिक्रमण हटाओ मुहिम फिर की शुरू



**आष्टा।** नपा अमले के साथ पुलिस और प्रशसनिक अधिकारी भी रहे मौजूद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्थाओं पर पुलिस एवं प्रशासन ने शुक्रवार को फिर ध्यान देकर अतिक्रमण कर मार्ग बाधित करने वाले 60 दुकानदारों पर 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और उक्त राशि वसूली है ।वहीं दूसरी ओर खुले में मांस एवं अंडे बेचने वाले दुकानदारों को भी चेतावनी दी गई है। उक्त अभियान प्रारंभ करने के पूर्व एसडीएम आनंद सिंह राजावत ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना को निर्देश दिए कि जब नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अमला तैयार कर रखा है तो नित्य इस बात का ध्यान रखा जाए की जिस स्थान पर अतिक्रमण हटाया है वहां पर पुनः अतिक्रमण ना हो, यह अभियान सतत जारी रहना चाहिए।

### नपा अमले ने दुकानदारों को दी चेतावनी

29 दिसंबर शुक्रवार की शाम को जब पुलिस प्रशासन बसों की जांच कराने के पश्चात उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आदेशित किया कि अपने अतिक्रमण हटाओ अमले को भेज कर अपने अधिकारियों को भी साथ में लेकर बस स्टैंड पर आए और पेट्रोल पंप के समीप पोस्टमार्टम रूम के पास अंडे और मांस मटन की दुकानों को देखकर वहां पर शासन के नियमों का पालन करने की बात कहते हुए चेतावनी दी गई। इसके पश्चात अतिक्रमण हटाओ टीम पुराना बस स्टैंड ,पुरानी सब्जी मंडी होते हुए अलीपुर पहुंची। प्रशासन के अमले के साथ अतिक्रमण हटाओ टीम ने 60 व्यापारियों पर जुर्माने की कार्रवाई की है। विदित रहे की नगर में अतिक्रमण की भरमार है और ट्रैफिक व्यवस्था भी बिगड़ी हुई है। राहगीरों को हर रोज ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है।

### कार्ययोजना तैयार नहीं

नगर में ट्रैफिक जाम होने का प्रमुख कारण नगर में हाकर्स जोन ना होना, बस स्टैंड के अंदर हाट ठेलों की भरमार तथा सड़क किनारे खड़े होने वाली बस व अन्य यात्री वाहन ,कृषि उपज मंडी में अनाज लेकर आने वाले किसानों की ट्रैक्टर - ट्रालियां सड़क किनारे अव्यस्थित खड़ी होती है। लेकिन इन समस्याओं का निराकरण कराए जाने को लेकर ना तो कोई कार्य योजना तैयार की गई है और ना ही कोई प्रभावी प्रयास किए गए हैं। गौरतलब है कि नगर में चाहे बस स्टैंड के अंदर या बाहर हो या फिर पार्वती पुल के समीप पुराना बस स्टैंड की एक साइड हाथ ठेला, गुमटी संचालक ने घेर ली है तो दूसरी तरफ कई ठेला लगा लिए जाते हैं ,ऐसे में वाहनों को निकालने में सड़क पर जगह कम पड़ जाती है। जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस पुराने हाईवे मार्ग पर वाहनों का अधिक आवागमन रहता है।

### हिदायत का असर नहीं

अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए एसडीएम आनंद सिंह राजावत, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एसडीओपी आकाश अमलकर, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ एवं नगर पालिका का अमला व पुलिस की टीम द्वारा कई बार बाजार में सड़कों पर ठेले और फल लगने वाले कारोबारी को हिदायत दी गई, उसके बाद भी यह लोग सड़कों पर ठेले और फड लगाकर कारोबार कर अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में बालरंग महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि.जावर में कक्षा अरुण से लेकर पांचवी तक के भैया बहनों का रंगमंचीय कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अवनीश सोनानिया तहसीलदार एवं विद्यालय के व्यवस्थापक बाबूलाल पटेल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सोलंकी द्वारा एवं स्वागत ममता शर्मा दीदी, प्रियंका ठाकुर दीदी एवं नीलू ठाकुर दीदी द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। जिसे वहां उपस्थित अभिभावकों द्वारा सराहा गया। तहसीलदार एवं समिति पदाधिकारीयों द्वारा प्रदेश स्तर पर घोष वादन में द्वितीय स्थान पर आने वाले भैया बहिनों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। तहसीलदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में हमारी संस्कृति का संरक्षण करना बहुत ही आवश्यक है और यह कार्य शिशु मंदिर में शिक्षा प्राप्त कर आसानी से किया जा सकता है मेरी शिक्षा भी शिशु मंदिर में हुई है । कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। अतः अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर मेहनत करें एवं अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करें ।इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रहलाद दास अजमेरा, कोषाध्यक्ष जय नारायण राठौर, बहादुर सिंह ठाकुर, खुमान सिंह ठाकुर, कैलाश सोलंकी, सरोज भावसार, विजेंद्र सिंह ठाकुर, शोभाल सिंह ठाकुर, मनोहर लाल शर्मा, संगीता ठाकुर, मनीषा भावसार ,अलका शर्मा, रानू भरेवा, पूजा पांचाल ,रितु ठाकुर, बेबी पाटीदार, रूपम अजमेरा, देवकरण प्रजापति, एवं बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु, भगिनी एवं भैया बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र शर्मे ने किया।

# विस चुनाव के कारण पिछड़ी पढ़ाई अधूरा कोर्स पूरा करवा रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षा फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू करवाई कर जा रही है, जिसमें जिले के सभी शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के हाईस्कूल व हायर सेकंडरी के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। शिक्षा विभाग द्वारा जिले में परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें संवेदनशील- अतिसंवेदनशील केंद्र हैं। प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक संवेदनशील केंद्र होगा, जिसमें स्वाध्यायी विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इधर पिछले सत्र की तुलना में इस सत्र में कक्षा 12वीं के परीक्षार्थियों की संख्या में कमी है। विधान सभा चुनाव 2023 और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई पिछड़ गई। शिक्षक जल्दबाजी में कोर्स पूरा करवाने में जुटे हैं, जिससे विद्यार्थियों को विषय को समझने में कठिनाई आ रही है और उन्हें बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने में अब ज्यादा समय भी नहीं बचा है। इस कारण विद्यार्थी चिंतित हैं। विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत ने बताया सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षा फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू होगी, जिसमें कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक चलेगी। वहीं कक्षा 12वीं की 6 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगी।दोनों कक्षाओं का परीक्षा समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

### मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# प्रायमरी, मिडिल और हायर सेकंडरी के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को पुरूस्कृत कर खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया। सर्वप्रथम मॉ सरस्वती का पूजन व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें प्रथम दिन प्रायमरी, द्वितीय दिन मिडिल व तृतिय दिन हायर कक्षाओ के खेल खिलवाये गये थे। खेलो में 50मी. रेस, 100मी. रेस, स्पून रेस, चेयर रेस, फ्रोग रेस, थ्री लेग रेस, खो-खो, वॉलीबॉल, 200मी. रेस, स्लो सायकल रेस करवाई गई। सभी कक्षा के बच्चो ने खेलो में बढचढ कर भाग लिया। विद्यालय का उद्धेश्य खेल प्रतियोगिता करा कर बच्चो की प्रतिभा को आगे लाना है। तथा आज हम खुद देख रहे है। कि खेल के माध्यम से हमारे देश का नाम रोशन करने वाली प्रतिभा किस प्रकार से अपना व माता पिता व देश का नाम आगे बढा रही है। आज हर खेल के द्वारा प्रतिभावान छात्र/छात्रा आगे बढ रही है। बच्चो कि किस खेल में रूची है। तथा उन्हे कोन सा खेल ज्यादा प्रिय लगता है। उसी क्षेत्र में उन्हे कदम रखना चाहिये। खेल कोई भी हो परन्तु उसमें आगे बढने के लिये मेहनत तो जरूरी है। बिना मेहनत के कोई भी व्यक्ति आगे नही बढ सकता है। बच्चा अगर पढाई करे व मेहनत न करे तो वह भी आगे नहीं बढ सकता है। अच्छे अंक लाने के लिये बच्चो को बहूत मेहनत करना पड़ती है तथा वह अपना व माता पिता और शाला का नाम आगे बढा पाता है। बच्चों को प्रतियोगिता में उत्सुकता के साथ हिस्सा लेने व जितने पर सभी प्रतिभागीयों को सभी शिक्षको द्वारा बधाई दी व बच्चो के उज्जवल भविष्य की भी कामना की। प्रतियोगिता में उपस्थित संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक शंकर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर, कुंवर लाल परमार, स्कूल समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य अमित यादव, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, तेजराज मेवाड़ा, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, राजपाल साहू, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, कविता ठाकुर, अंजलि चौरसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, हेमलता पाटीदार, स्वेतान्शु ठाकुर, इतिका चौहान आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नगर के स्कूलों में चलाया कॉलेज चलो अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शुक्रवार को शा.महाविद्यालय में प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत सॉई पब्लिक स्कूल जावर, शास्त्री विद्या निकेतन व सी.एम.राईस शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल का भ्रमण किया गया। जिसके अंतर्गत अभियान प्रभारी डॉ रचना मेहरा, विशाल करंदीकर और पुलकित शर्मा द्वारा अभियान की विवरण पुस्तिका और महाविद्यालय की विवरण पुस्तिका विद्यालयों के प्राचार्यों को सौंपते हुए महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रवेश प्रक्रिया, संचालित पाठ्यक्रमों एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

### राजगढ़ से लेकर ब्यावरा हॉस्पिटल के हैं बुरे हाल, मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ डॉक्टर गए छुट्टियों पर

# रेफर की गई प्रसूता ने खोया 9 माह पाला हुआ लाड़ला मुख्यालय से लेकर सिविल हॉस्पिटल में नहीं गायनिक







हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

इसको मिस मैनेजमेंट कहें या डॉक्टर की मनमानी जो मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ छुट्टियों पर चले जाते हैं। माना की छुट्टी लेना अधिकार है तो फिर मरीजों के लिए अल्टरनेट डॉक्टर की व्यवस्था भी जो जरूरी होना चाहिए, जिससे किसी एमरजेंसी में किसी को अपना लाड़ला न खोना पड़े। हालात यह है कि जिला मुख्यालय पर कोई गायनिक मौजूद नहीं है। यही हाल ब्यावरा सिविल हॉस्पिटल के हैं, जहां पर एक ही गायनिक है जो पिछले 15 दिनों में अधिकतर छुट्टी पर ही नजर आए। ऐसे में जिला मुख्यालय से लेकर ब्यावरा तक प्रसूताएं भगवान भरोसे हैं और जिम्मेदार सिर्फ नवजातों की मौत का नजारा देख रहे हैं।

#### 5 बजे किया एडमिट, 10 बजे सुल्तानिया रेफर, खो दिया नवजात

इसको विडम्बना ही कहेंगें कि खेरखेड़ी गांव की रहने वाली भूरी बाई पति लाल सिंह ने पूरे प्रसव के दौरान डॉ पूजा तिवारी के मार्गदर्शन में अपना इलाज करवाया, परंतु जब 9 माह से भी ज्यादा दिन निकल गए तो परिजनों की चिंता बढ़ गई और उन्होंने कई बार डॉ पूजा तिवारी को बताया परंतु वह नॉर्मल डिलेवरी का बोलती रहीं। फिर शुक्रवार को जब प्रसूता जिला मुख्यालय पहुंची तो उसे भर्ती कर लिया गया, परंतु पता चला की डॉ पूजा तो छुट्टी पर है और कोई दूसरा गायनिक भी मौजूद नहीं है। कॉम्प्लीकेशन को देखते हुए ऐसे में शुक्रवार की रात 10 बजे उसे भोपाल सुल्तानिया भोपाल रेफर कर दिया गया। परंतु 2 बजकर 30 मिनट पर भोपाल हॉस्पिटल तो पहुंचे परंतु जब तक बहुत देर हो चुकी थी। भूरीबाई अपने 9 महीने के लालन-पालन के बाद अपने लाड़ले को खो चुकी थी।

#### ब्यावरा में भी पिछले 17 दिनों में नहीं हुआ प्रसूता का ऑपरेशन

इसको को-इंन्सीडेंट ही मान सकते हैं कि जब शहर में 2 गायनिक थे तो 40 दिन में 29 ऑपरेशन तक हुए परंतु जैसे ही डॉ मोनिका जैन को राजगढ़ अटैचमेंट का बोला गया तो 13 दिसंबर के बाद से 30 दिसंबर तक किसी भी प्रसूता का ऑपरेशन नहीं हुआ। हॉस्पिटल में अकेले गायनिक डॉ आरके जैन 17 दिनों में अधिकतर छुट्टी पर ही रहे हैं। अब सीएमएचओ और सिविल सर्जन इसको किस रूप में लेते हैं यह देखने वाली बात है।

**इनका कहना है...**

हां डॉ जैन अभी भी छुट्टी पर हैं। शायद 17 दिनों में कोई ऑपरेशन जैसी स्थिती बनी ही नहीं होगी, इसलिए ऑपरेशन नहीं हुए।

**डॉ शोरेन दत्ता,** बीएमओ ब्यावरा

---

### अक्सर चोटिल हो रहे छात्र

## करोड़ों के कॉलेज भवन बनवाए लेकिन बदत्तर हाल में पहुंच मार्ग



**राजगढ़।** विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करते हुए शसन ने राजगढ़ मुख्यालय पर व्यवसायिक महाविद्यालय एवं आदर्श महाविद्यालय का निर्माण करवाया गया है। इन दोनों ही महाविद्यालयों की लागत करोड़ों रुपए में है। स्थानीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पीछे बगा रोड पर बनाए गए इन महाविद्यालयों के निर्माण के समय अधिकारियों की अदूरदर्षिता के चलते महाविद्यालयों की एप्रोच रोड का स्टीमेट नहीं बनाया गया। ऐसे में दोनों ही कॉलेज भवनों का पहुंच मार्ग बेहद बदहाल हालत में है। आलम यह है कि पहुंच मार्ग पर मोटे-मोटे बोल्डर, पत्थरों के कारण कई बार बाइक सवार विद्यार्थी दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। मार्ग पर बड़े-बड़े पत्थर पड़े रहने के कारण वाहनों समेत पैदल चलने वालों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### बारिश के दिनों में भी परेशानी

मार्ग की खस्ता हालत के कारण आमदिनों के साथ ही बारिश के दिनों में ज्यादा फजीहत होती है। यह पूरा मार्ग लाल मिट्टी के कारण कीचड़ से पूरी तरह लबरेज हो जाता है। कीचड़ से सने मार्ग पर बाइक समेत अन्य वाहन नहीं निकल पाते हैं।

**इनका कहना है...**

पहुंच मार्ग के लिए हमने रिवाइज्ड इस्टीमेट भिजवाया था। उसमें कुछ क्वायरीज ऊपर से आई है, जिन्हें जल्द पूरा कर हम भिजवा रहे हैं।

**- धमेंद्र जायसवाल,** संभागीय परियोजना यंत्री, पीआईयू

---

## विंध्याचल डिस्टलरी से निकल रहे वेस्ट से नगरवासी हो रहे परेशान

### फैक्ट्री अधिकारी ने साधी चुप्पी, आबकारी अधिकारी बोले दिखवाते हैं






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा - पीलूखेड़ी

पीलूखेड़ी में स्थित विंध्याचल डिस्टलरी से निकलने वाले केमिकल वेस्ट से नगरवासियों को बदबू को सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार फेक्टी द्वारा केमिकल वेस्ट को बेचा जाता है जिसे ले जाने वाले ट्रक आए दिन पीलूखेडी में हाइवे के अंडर व्रिज के नीचे खड़े मिल जाएंगे। जिसमें से कंपनी का वेस्ट मेटेरियल वहता रहता है और सड़कों पर फैलता यह वेस्ट कितना हानिकारक होगा यह तो जांच का विषय है। परंतु अभी कुछ दिन पहले ही इसी कंपनी के वेस्ट को खाने के बाद गाय की मौत का मामला गरमाया था। ऐसे में आबकारी अधिकारी लखनलाल ठाकुर ने कंपनी से निकलने वाले वेस्ट की जांच कराने की बात कहीं है। वहीं कंपनी जायसवाल से मामले की जानकारी के लिए फोन लगाया परंतु वह इसके बारे में जानकारी नहीं दे पाए।

---

### आरोपियों से चोरी की राशि की बरामद

## मंडावर हनुमान मंदिर में हुई चोरी के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक पखवाड़े पूर्व बोड़ा थानाक्षेत्र के मंडावर स्थित हनुमानजी के मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोर यहां से दानपेटी का ताला तोड़कर दानराशि सहित अन्य सामान चुरा ले गए थे। पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र एवं सायबर टीम के सहयोग से इस चोरी का पर्दाफाश कर दिया है।

बोड़ा थाना प्रभारी रामकुमार भगत ने बताया कि चोरी की पतारसी के लिए एक टीम गठित करते हुए मुखबिरों को सक्रिय किया गया। सायबर टीम के तकनीकी साक्ष्यों की मदद से मालूम हुआ कि यह चोरी तीन चोरों ने मिलकर की थी जिनमें मुकेश कंजर निवासी नई दिल्ली, श्याम कुमार निवासी मोहम्मदपुर एवं कैलाश दर्जी निवासी मंडावर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से चोरी की राशि बरामद कर ली है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में टीआई भगत सहित सउनि मांगीलाल शिवहरे, देवेंद्र दांगी, पीयूष, प्रदीप, धमेंद्र शर्मा, कुलदीप कुंभकार, जयप्रकाश आदि का योगदान रहा।

---

## रात में बगैर सूचना दिए अचानक थानों के निरीक्षण पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक

### कुरावर और नरसिंहगढ़ थानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



अगर किसी दफ्तर की व्यवस्थाओं, गतिविधियों आदि बेहतर आंकलन करना हो तो बगैर सूचना दिए औचक निरीक्षण सबसे बेहतर तरीका रहता है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा द्वारा इन दिनों अचानक जिले के थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। एसपी मीणा शुक्रवार रात्रि अचानक कुरावर और नरसिंहगढ़ थानों के निरीक्षण पर पहुंच गए।

इस दौरान उन्होंने नरसिंहगढ़ थाने के रिकार्ड रूम, उपस्थिति रजिस्टर, मालखाना, हवालात, सीसीटीव्ही रूम, महिला डेस्क सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने का रिकार्ड अद्यतन रखने एवं हवालात में पर्याप्त रोशनी एवं साफ-सफाई के निर्देष प्रदान किए। नरसिंहगढ़ से गश्त करते हुए मीणा कुरावर थाने पहुंचे और वहां की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शहर में घूमकर रात्रि गश्त में लगे जवानों को भी चेक किया कि वे जिम्मेदारी से ड्यूटी कर रहे हैं या नहीं। थानों के बाद उन्होंने हाईवे गश्त प्वाइंट में लगे कर्मचारियों को चेक किया।

---

## पुणे से अयोध्या पद यात्री से आत्मीय भेंट



**चांचौड़ा।** 10 दिसम्बर को छत्रपति शिवाजी महाराज के दर्शन उपरांत शिवनेरी पुणे से श्रीधाम अयोध्या तक 1500किलोमीटर की पद यात्रा पर निकले बसंत रावते 30 दिसम्बर को 800किलोमीटर की दूरी तय कर प्रातः बीनागंज पहुंचे । यहां मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से उनकी आत्मीय भेट हुई। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना से बताया कि श्री बसंत रावते की यह यात्रा धार्मिक होने के आलावा पर्यावरण बचाने का संदेश भी दे रही हैं। श्री रावते से भेंट कर उनका स्वागत करने बालो में जयप्रकाश शर्मा, अजय कुमार श्रीवास्तव, गोविन्द सिंह मीना आदि सम्मिलित रहे।

---

## नवोदय विद्यालय अरनियाकला में विदाई समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल



जवाहर नवोदय विद्यालय अरनिया कला में शनिवार को प्राचार्य उषा सिंह सागर का विदाई समारोह भावपूर्ण वातावरण में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय राजगढ़ के प्राचार्य गिरीश सक्सेना सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं नवोदय विद्यालय अरनियाकला स्टाफ़ के सभी सदस्य तथा बच्चे सम्मिलित हुए। जानकारी देते हुए उप प्राचार्य गौरी कुमारी राउत ने बताया कि सागर मैडम ने नवोदय विद्यालय समिति में सन 1990 से आज तक लगातार 33वर्षों तक का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण किया है।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए अनेक नवोदय विद्यालयों में अपनी प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता के द्वारा श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम एवं अनुशासन के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। नवोदय समिति के भोपाल संभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती गीतिका शर्मा ने इस कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से शामिल होकर सागर मैडम के उत्तम कार्यकाल एवं सौम्य व्यक्तित्व की सराहना कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

उल्लेखनीय है कि उषा सिंह सागर ने पीजीटी हिंदी के रूप में शुरुआत कर नवोदय विद्यालय रतलाम,राजगढ़ एवं शाजापुर में प्राचार्य पद का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया.उन्हें एक मृदुभाषी, शिष्ट, मिलनसार, दृढ संकल्पित एवं कुशल नेत्री के रूप में जाना जाता रहा है। प्राचार्य गिरीश सक्सेना ने उज्जैन क्लस्टर एवं जनवि राजगढ़ की ओर से शाल श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर मैडम का स्वागत किया। वहीं जनवि अरनियाकला के समस्त स्टाफ़ की ओर से भी श्रीमती सागर का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा अभिनंदन किया गया। श्रीमती सागर ने उद्बोधन में अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया तथा बच्चों को आगामी जीवन में सफल होकर श्रेष्ठ परिणाम देने के लिए शुभकामनाएं दीं।

---

### बगैर फॉलोवाहन के पहुंचे थे मंत्री

## मंत्री बनकर पहली बार राजगढ़ पहुंचे नारायण सिंह ने की अंजनीलाल की पूजा



**राजगढ़।** ब्यावरा विधायक एवं मप्र शासन के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार मंत्री बनने के बाद शुक्रवार रात्रि अचानक राजगढ़ पहुंचे। वे सारंगपुर में मंत्री टेटवाल के स्वागत समारोह से लौट रहे थे। वहां से लौटकर वे पहले जालपा शक्तिपीठ पहुंचे और माता की पूजा-अर्चना की।

इसके उपरान्त राजगढ़ पहुंचकर पंवार बाइपास रोड स्थित अंजनीलाल धाम मंदिर पहुंचे जहां पूजन-अर्चन उपरान्त मंदिर समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की। पंवार यहां बगैर फॉलोवाहन के पहुंचे थे। उन्होंने मंदिर परिसर में हो रहे विकास कार्यों को देखा और जरूरत लगने पर आवष्यक सहयोग का आश्वासन समिति पदाधिकारियों को दिया। समिति के प्रताप सिंह सिसोदिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें मंदिर में चलने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर रामनारायण सौंधिया, पूर्व नपाध्यक्ष बृज चौरसिया, शिवसिंह बामलाबे, राधेश्याम चौहान, टिल्लू विजयवर्गीय, गौरव चौरसिया सहित मंदिर के पुजारी प्रेम बैरागी सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## कंबल वितरण अभियान का समापन




**सारंगपुर।** मानवता परमो धर्म को आधार मानकर कई मानवीय एवं लोक कल्याणकारी गतिविधियों नगर के लायंस क्लब द्वारा समय-समय पर संचालित की जा रही है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए हाल ही में कड़कड़ाती ठंड के प्रकोप से गरीब समुदाय के लोगों को बचाने के लिए सारंगपुर नगर के लायंस क्लब द्वारा तीन दिवसीय अभियान चलाया गया। जिसमें जरूरतमंद लोगों को उनके निज निवास पर जाकर संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा कंबल वितरित किए गए।

इस अभियान में भिन्न-भिन्न स्थानों पर कंबल प्राप्त कर क्लब की इस गतिविधि की सराहनीय पहल की बहुत सराहना की और मौजूदा अधिकारी एवं सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद देकर शुभकामनाएं दीं। उक्त अभियान के समापन पर नगर के कॉलेज के पास मौजूद गरीब बस्ती में जरूरतमंद को उनके घर जाकर लगभग 50 कंबल वितरित किए गए। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष ला नितिन परिहार के मानवतावाद पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि मानवतावाद मानव जीवन के मूल्य में एक सक्रिय विश्वास है जिसके द्वारा मनुष्य परोपकारी व्यवहार करते हैं और नैतिक काम परोपकारी और तार्किक कर्म से मानवता की स्थितियों में सुधार करने के लिए अन्य मनुष्यों को सहायता प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महेश शर्मा, मोहम्मद मंसूरी, राजेश श्रीमाल, प्रदीप जोशी, विनय मकोडिया, प्रदीप चौहान उपस्थित थे।

---

### खिलचीपुर और जीरापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया आयोजन

# तेज गति से करेंगे नगर का विकास : विधायक दांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर-जीरापुर



नगर के बस स्टैंड को आधुनिक बनाया जाएगा, नदी का सौंदर्यकरण किया जाएगा। खिलचीपुर को विकसित नगर बनाया जाएगा। उक्त उद्गार विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी ने व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिकों को मकान के पट्टे के साथ ही पीएम आवास दिलाकर किसी को भी कच्चे मकान में नहीं रहने दूंगा। विधायक दांगी ने सभी पार्षद से अपने अपने वार्ड में घूमकर लोगों को शासन की योजना का लाभ दिलाने की अपील की। विधायक दांगी ने कहा लाड़ली बहना योजना से छूट गई महिलाओं के लिए पोर्टल जल्द ही शुरू होगी। दांगी ने खिलचीपुर एसडीएम की कार्यक्रमों में गेर मौजूदगी पर नाराजी जाहिर करते कहा कि ऐसे आधिकारी कर्मचारी मेरी विधानसभा क्षेत्र में नही चलेंगे।

इस मौके पर विधायक हजारीलाल दांगी ने मौके पर ही 36 उज्ज्वला योजना के निशुल्क गैस कनेक्शन, पात्रता पर्ची 5 बीपीएल कूपन 3, पीएम स्वानिधि के 14 लोगों को 4 लाख 80 हजार रुपए के स्वीकृति पत्र सहित आयुष्मान भारत योजना के 2600 कार्ड आए, जिसमे से 5 कार्ड मौके पर हितग्राही को वितरित किए

#### अटल चौक में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया

नगर परिषद द्वारा अटल चौक में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन निर्देशानुसार वर्तमान में पूरे प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए आम नागरिकों को शासन की योजनाओं से अवगत करवा कर लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी प्रदान कर शासन की विभिन्न योजनाओं में लाभ लेने से वंचित लोगों के आवेदन लेकर उनका पंजीयन कर पात्र लोगों को योजनाओं का त्वरित लाभ दिया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में नागरिक गण, महिलाएं उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी सहित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर शुभारंभ किया गया।

इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा निकाय क्षेत्र के प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व अन्य योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र और गैस चूल्हे हितलाभ वितरण किये गये। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा अपने उद्बोधन में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं व देश व प्रदेश में विभिन्न योजना में लाभान्वित लोगों की जानकारी प्रदान की और अधिकारियों व कर्मचारियों को योजनाओं के लाभ लेने से वंचित न हो ।लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारी कर्मचारी और नागरिकों को सन 2047 तक भारत देश को विकसित भारत बनाने में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प दिलवाया गया।